**उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग**
निकट–महाराणा प्रताप स्पोर्ट्स कालेज, थानों रोड़, रायपुर, देहरादून।
वेबसाइट–www.sssc.uk.gov.in mail: chayanayog@gmail.com

पत्रांकः 41 /गोपन/2025–26 दिनांक– 16 मई, 2025

# विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग के विज्ञापन संख्या 68/उ०अ०से०च०आ०/2025 दिनांक 31 जनवरी, 2025 के अंतर्गत विज्ञापित डेरी विकास विभाग के वरिष्ठ दुग्ध निरीक्षक की लिखित प्रतियोगी परीक्षा, आयोग द्वारा जारी परीक्षा कार्यक्रम पत्रांकः 13/परीक्षा/2025–26 दिनांक 23 अप्रैल, 2025 के अनुसार 17 मई, 2025 को अपराह्न 03:00 बजे से 05:00 बजे तक प्रस्तावित की गई थी।

अवगत कराना है कि मा० उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड, नैनीताल में योजित याचिका संख्या– 145/2025 महावीर लाल व अन्य में मा0 उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड के आदेश दिनांक 14.02.2025 द्वारा विज्ञापन सं0– 68 दिनांक 31 जनवरी, 2025 पर अग्रेत्तर कार्यवाही पर रोक लगाई गई।

उक्त संदर्भित याचिका में ही मा० उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड, नैनीताल के आदेश दिनांक 16 मई, 2025 के क्रम में विज्ञापन संख्या– 68 दिनांक 31 जनवरी, 2025 में विज्ञापित फार्मासिस्ट के पदों को छोड़कर अन्य पदों के संबंध में अग्रेत्तर कार्यवाही पर लगाई गई रोक हटा दी गई है।

उक्त परिप्रेक्ष्य में मा० उच्च न्यायालय उत्तराखण्ड, नैनीताल के उक्त आदेश के क्रम में वरिष्ठ दुग्ध निरीक्षक की लिखित प्रतियोगी परीक्षा दिनांक 25 मई, 2025 को आयोजित की जाएगी तथा दिनांक 25 मई, 2025 को प्रस्तावित फार्मासिस्ट तथा इसके सहबद्ध कैमिस्ट के पदों की लिखित परीक्षा को मा० न्यायालय के अग्रिम आदेशों तक स्थगित की जाती है।

वरिष्ठ दुग्ध निरीक्षक के लिखित प्रतियोगी परीक्षा के लिए अभ्यर्थियों को प्रवेश पत्र जारी होने संबंधी सूचना शीघ्र ही आयोग की वैबसाइट पर प्रकाशित की जायेगी।

16/5/25

(विप्रा त्रिवेदी)
सचिव